RAJYA SABHA

Monday, the 1st October, 1990/9th Kartika, 1912 (Saka)

The House met at eleven of the clock, **Mr. Chairman** in the Chair.

MEMBERS SWORN

(1) Shri Ranjit Singh (Haryana)

(2) Shri Prakash Yashwant Ambedkar (Nominated)

(3) Shri Bhupinder Singh Mann (Nominated)

PAPERS LAID ON THE TABLE

Bills passed by the Houses of Parliament during the first part of the Hundred and Fifty-fifty Session

SECRETARY-GENERAL: Sir, I beg to lay on the Table a statement (in English and Hindi) showing the Bills passed by the Houses of Parliament during the first part of the Hundred and Fifty-fifth Session of the Rajya Sabha and assented to by the President. [Placed in Library, *See* No. LT—1535/90]

Draft notification of the Ministsy of Industry (Department of Industrial Development)

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SMALL SCALE INDUSTRIES AND AGRO AND RURAL INDUSTRIES IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI SRIKANTA JENA): Sir, I beg to lay on the Table a copy (in English and Hindi) of the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) Draft Notification amending the Draft Notification No. 12(3)/90-SSI (P) laid on the Table on the 7th August, 1990. [Placed in Library. *See* No. LT—1534/90]

[**THE DEPUTY CHAIRMAN** in the Chair]

SHORT DURATION DISCUSSION

Situation arising out of Government's decision to Implement the recommendations of the Mandal Commission

THE DEPUTY CHAIRMAN: Some Members came and requested the hon. Chairman to take the Short Duration Discussion before special mentions. So, we will have special mentions after the lunch hour.

Shri S. B. Chavan.

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार) : महोदया, आपकी अनुमति से मैं एक बात कहना चाहता हूं और आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं कि पिछले दिनों जो कुछ भी देश में हुआ, उसके प्रति हर किसी को दुख है, तकलीफ़ है जिसमें कितनी ही निरपराध जानें गई कितनों ही लोगों ने अपनी जान दी। मैं चाहता हूं कि यह सदन उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करे। मैं यह अपनी ओर से आपसे अनुरोध करता हूं कि यह सदन ऐसे लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करे और दो मिनट खड़े होकर श्रद्धांजलि अर्पित करे.... (**व्यवधान**) सदन की ओर से हमें खड़े होकर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करनी चाहिए। इसमें हल्ला करने की क्या बात है। (**व्यवधान**) मैं चाहता हूं कि पूरा सदन इसमें अपने विचार रखे। (**व्यवधान**) उपसभापति महोदया, आप इस पर अपना निर्णय दीजिए। (**व्यवधान**)

उपसभापति : ऐसी कोई परम्परा नहीं है। अभी जो डिपकशन हो रहा है इसमें जो लोग बोलें व अपनी श्रद्धांजलि उस

[श्री शंकर दयाल सिंह]

वक्त दे सकते हैं। ऐसी हाउस की कोई परम्परा नहीं है। दुख सभी लोगों को है। इस बारे में जो लोग बोल रहे हैं वे अपनी श्रद्धांजलि दे सकते हैं। (व्यवधान)

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra): He should apologise.

श्री शंकर दयाल सिंह : परम्परा तो रही है। जब भी इस तरह की बातें हुई सदन में मामला उठा तो श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसीलिए मैं कह रहा हूं... (व्यवधान)

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) : स्वयं इस्तीफा देना चाहिए। तभी देश बच सकता है जब वी०पी० सिंह रिजाइन करें। यही सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी (व्यवधान)

कुमारी सरोज खापर्डे (महाराष्ट्र) : वह सदन में आकर माफी मांगें... (व्यवधान)

LEADER OF THE OPPOSITION (SHRI P. SHIV SHANKER): Madam, while we may have all the sympathy for those who have lost their lives it has not been the convention of this House to pass a resolution of this type. We cannot pass resolution.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I said it, Mr. Shiv Shanker. There is no *parampara.* (*Interruptions*) Order please. We are having a discussion (*Interruptions*)

मामला बहुत गम्भीर है। कई बच्चों की जानें खतरे में हैं इसलिए मैं.... (व्यवधान)

SHRI GHULAM NABI AZAD (Maharashtra): I suggest that the Prime Minister should apologise before the House. (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: We have a very serious discussion before us.

बच्चों की जान के बारे में सबको दुख है। जो लोग इसमें भाग ले रहे हैं वह जरूर बोलें इस बारे में। (व्यवधान) श्री एस० बी० चव्हाण...

I will ask Mr. S. B. Chavan to speak.

DR. YELAMANCHILI SIVAJI (Andhra Pradesh): I seek your permission to speak about one thing.

THE DEPUTY CHAIRMAN: What is it about?

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: It is about Andhra Pradesh. It is unprecedented that 54 MLAs have been suspended.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will allow you to speak at an appropriate time (*Interruptions*) Please, let me handle it. I will permit you at an appropriate time. Just now we are taking up the Short Duration Discussion.

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Fiftyfour MLAs have been suspended from the House. It is unprecedented. In the Congress ruled State, such a good number of MLAs have been suspended. (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please, I would request you to listen to Shri Chavan peacefully.

SHRI S. B. CHAVAN (Maharashtra): I rise to initiate this discussion with a very heavy heart. The kind of law and order situation created in the country is fraught with very dangerous potential and the country as a whole feels very much distrubed as to whether the National Front Government, which has come to power, is really capable of handling issues of such a delicate nature. Everywhere in the streets

if you have to go round, people talk aloud that the Government had lost the confidence of the people, lost also the confidence of the major sections of their own members also if I may state going by whatever I have read in the newspapers. But the brunt of the issue was borne by the student community and a very large number of girls and boys have immolated themselves in different parts of the coutry. It is not in one particular area that the students have resorted to self-immolation but in different parts of the country. According to my information there is not a precedent of this nature in the entire history of our country where young people... (*Interruptions*)...

SHRIMATI MARGARET ALVA (Karnataka): Don't support butchers.

SHRI S. B. CHAVAN: ... have resorted to this extreme step of self-immolation. I remember there is only one single case of Potti Sriramulu in Andhra Pradesh. The Central Government was not actually in favour of linguistic provinces but after the self-immolation of Potti Sriramulu even Pandit Jawaharlal Nehru immediately reacted and said "Now I am prepared to concede this point". That was the kind of sensitivity of democratic norms followed. That is how linguistic provinces have been created. Barring one or two instances of this nature, I do not think that there are such instances where the students in such a large number ...(*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I would request the hon. Members if they want to speak on this subject they can give their names but please allow every Member to make their point. Thank you...(*Interruptions*)... you can clarify.

SHRI S. B. CHAVAN: Let me at the outset on behalf of my party and myself give our sincerest condolences to the members of the bereaved families of the girls and boys who have sacrificed their lives. Of course, the Government did not even bother to find out for almost 10—12 days as to what it was that was agitating their minds and that is the reason why the student community have sacrificed their lives in this respect. I must also bring to the notice of the House that there are some very responsible members of the Central Government who have been openly instigating a large number of people to have a parallel pro-Mandal Commission agitation against the people who are agitating for anti-Mandal Commission report. These are members of the Cabinet (*Interruptions*).. Added to this, we were also surprised about the kind of police administration that we have in Delhi. For ten or twelve days, the students were carrying on their agitation and thereafter I have not been able to quite appreciate what kind of police administration is this that at the same place and at the same time, two sections having different views, are given permission for having their own rallies, a kind of "morcha" which is being led. Either the Government is interested in creating this kind of a situation that the agitation should not die down or on the other hand, it should be increased. I do not find any other justification for this kind of a situation where any administration for that matter which is interested in defusing the situation will give permission for conflicting interests, having their own "morchas" or ralles at the same point and at the same time. If this happens, no other conclusion can be drawn than this that in fact the Government does not seem to be interested in defusing the situation. Otherwise, how do we justify this? If the hon. Minister, who is going to reply, can clarify this point

[Shri S.B. Chavan]
as to what is the justification for giving permission of this nature, certainly we would like to be satisfied that these were the reasons due to which...(*Interruptions*)

SHRI JAGESH DESAI: Madam, who is going to reply? (*Interruption*). We want to know about it. (*Interruptions*).

SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE (Maharashtra) : Mr. Ram Vilas Paswan is going to reply to it. (*Interruptions*)

SHRI SYED SIBTEY RAZI (Uttar Pradesh) : I charge that Mr. Ram Vilas Paswan is a party to all which is going on in the country and he should not be permitted to give a reply. (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let the discussion go on. When the time of reply comes we will discuss. Let Mr. Chavan make his say. Let him speak. (*Interruptions*).

MISS SAROJ KHAPARADE: Madam, we are having a very serious discussion on this issue. I just would like to know, through you, who is going to reply to this debate in the House. We would like to know about it. (*Interruptions*).

श्रम एवं कल्याण मंत्री (श्री रामविलास पासवान) : जहां तक ला एंड आर्डर का मामला है, स्टेट होम मिनिस्टर बैठे हैं और जहां वेलफेयर का मामला आयेगा, मंडल कमीशन के मुतल्लिक, उनका मैं उत्तर दूंगा।...(व्यवधान)...

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): It was the Prime Minister who made the statement in the House. (*Interruptions*). Where is the Prime Minister today? (*Interruptions*). Where is he today?

THE DEPUTY CHAIRMAN: When the time of reply comes, a that time you ask. Just now, you allow Mr. Chavan to speak. (*Interruptions*).

SHRI SYED SIBTEY RAZI: The Prime Minister has to be here. He has to note down the points. (*Interruptions*). The Government is not serious about the agitation which is going on in the country. (*Interruptions*).

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu) : We thought that the Leader of the Opposition would initiate the debate whereas Mr. Chavan has initiated it.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Anybody can initiate the debate and the Leader of the House is here; he has heard your demand and I am sure he will convey it to the Government. Now, please continue.

SHRI S. B. CHAVAN: Madam Deputy Chairman, there is one point about which I would like to clarify the stand of the Congress party as such because a deliberate effort is being made to create some kind of a misunderstanding about the stand taken by the Congress party that even the Scheduled Castes and Scheduled Tribes reservation is also going to be diluted by the Congress Party and economic criteria are also going to be applicable in the case of Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

SHRI N. E. BALARAM (Kerala): Are you changing the position?

SHRI S. B. CHAVAN: Let me make the point very clear with all the emphasis at my command that this is a total travesty of facts. This is not a fact. This is not the position of the Congress Party. The Congress Party is not interested in any dilution in the reservation for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes.

SHRI V. GOPALSAMY: What about the stand on Mandal Commission Report?

SHRI S. B. CHAVAN: I think I will speak whatever I feel like speaking. You need not guide me as to what I should speak ... (*Interruptions*)...

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY (Uttar Pradesh): When Karunanidhi could guide V. P. Singh, why not Hanumanthappa guide you ?

SHRI S. B. CHAVAN: Madam, the Congress Party stands for reservation for Other Backward Classes ...(*Interruptions*)... Let me also explain the position about... (*Interruptions*)...

SHRIMATI MARGARET ALVA: They were following the Moscow line which is collapsing. That is the tragedy. Moscow line has failed.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): Despite the collapse, you were getting the support.

SHRIMATI MARGARET ALVA: Even Moscow is following Washington line like them.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Despite the collapse, that is one of the biggest forces and one of the biggest nations in the world. Let it not be diluted.

SHRI S. B. CHAVAN: Our stand is also absolutely clear so far as Other Backward Classes are concerned, as enshrined in the Constitution. We were expecting that the Hon. Prime Minister would try to take a decision on a matter of such a sensitive nature after having full consultation with all the political parties and all the important people and that thereafter weighing properly the pros and cons he would try to take an ultimate decision in the matter. But press reports clearly indicate that it was not so much the welfare of the Other Backward Classes which in fact was weighing with Mr. V. P. Singh as gaining a point over one of his colleagues, Mr Devi Lal. Mr. Devi Lal was to have a rally in Delhi and he had pleaded his inability for consultation because he did not have the time. After two days there was going to be a rally of Mr. Devi Lal and in order to pre-empt the issue the Prime Minister wanted to announce the decision so that the people could not go to his rally. Yesterday Mr. Devi Lal clarified himself this position. If I mistake not, some of the allies of the ruling party also clarified the position that it would have been better if they were consulted in the matter, and the Prime Minister was almost forced to say that he could not help because Devi Lal's rally was there within two days and that was why he had hardly any time to consult the political parties who were supporting the Government. This is a very strange situation.

SHRIMATI KAMLA SINHA (Bihar) : This is wrong. Do not misquote.

SHRI S. B. CHAVAN: If it is incorrect, let someone, whoever is going to reply, say that this is incorrect. Certainly we are prepared to say that it is not because of any motivation for the welfare of the Backward Classes that the decision on Mandal Commission's Report was announced all of a sudden. Nobody was prepared even to understand as to what exactly this announcement was. I am given to understand that there are States where the agitation is going on and mostly it is confined to States run by either JD or BJP. None of the Congress-ruled States are having any agitation of this nature. In fact, we would like to understand...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: What about West Bengal and Kerala: ¡

SHRI S. B. CHAVAN: You have to search your own heart and find out as to why it is that you are having this kind of agitation only in the non-Congress States and you will be interested to know what exactly are the reasons. The honourable Prime Minister has been repeatedly saying this. We have heard him on the TV, we have heard him on the radio and we have read in the newspapers, that all of a sudden it has dawned on him that social transformation has to take place and for that he is prepared to go to any extent. If there is a choice between the cause and the chair, he has said, he will give up the chair and stand for the cause. Oh! a brave decision, I should say. In fact, we will be very happy if the honourable Prime Minister is wedded to this concept of social transformation. I am sure that he believes in this. And this change is not going to take place in one or two months. It is a long-drawn process and a number of things have to be done before you can actually get some kind of social transformation. After all, the very concept of independence is that all sections of society must get full opportunity for developing themselves. If we go deeper into this matter, at least the impression that I got was that Mr. Devi Lal's rally was one of the reasons for the honourable Prime Minister's decision. Another point due to which he had to announce this decision was the sky-rocketing price rise. He was so much interested in diverting the attention of the community at large, of the people at large. The prices are shooting up and they are not able to control the prices in spite of their efforts. I am sure that the Government will definitely concede this point that with all the efforts that they have been making, they have totally failed so far as arresting the price rise is concerned. Prices are increasing and I am sure in another two or three months you will find that the prices have gone beyond control. It is a kind of total anarchy that will be created so far as the economic condition of the country is concerned. So he has succeeded in diverting the attention of the people at large from the main question of price rise to this Mandal Commission Report. If we go deeper into the matter, it is not in Class III and Class IV where there is a backlog; it is utlimately in Class I and Class II posts. If you are to count the number in the Government of India, how many such posts are there? May be, 300, 400, 500. How many vacancies are going to be there? They might be very few. If you had explained the whole thing, if you had gone to the people, if you had spoken to the other backward classes, if you had provided all the other educational facilities, training facilities and thereafter if you had consciously taken the decision, there would have been something to rely upon and say this was the kind of situation and certainly we would like to correct it. But all of a sudden you announce a decision and then you try to examine what the implications are of the decision that you have already announced. I would like to understand from whosoever is going to reply this particular point. There are some State Governments where OBC lists are not in existence at all. There are four or five States where they just don't have the lists of OBCs. There are a few States, especially ruled by either the BJP or the non-Congress(I) parties where the Chief Ministers have come out openly saying that they are not going to accept this. If these two are taken together, it is more than half the population which, in fact, is going to be excluded and in the rest of the States, in the Southern States,

[Shri S. B. Chavan]

where already the OBC lists are there and where reservations have been given, you will find that there is hardly any agitation. The agitation is mostly confined to the Northern part of our country and that is why it becomes all the more necessary for us to understand as to why it is that the Government is not trying to do anything in this matter. After about fifteen days or so, they sent, I think, the honourable Minister of State in charge of Communications. He goes and talks to the students. I saw him on the TV last night and he was saying that there were hardly any people with whom he could talk because they did not have any organization and that it did not seem to have created any impact. The most disturbing thing which, in fact, provoked the student community is that some very responsible members of the Cabinent said that they were the representatives of the vested interests. Is this the method of defusing the situation? Are you really interested in defusing the situation or are you inter sted in creating a class-caste war in this country? Now this has gone almost to every village and the caste war has started in a very big way.

What I am really going to ask is who the monopolists are and who claim that they are the only people who are interested in the welfare of the society at large and all others are the representatives of the vested interests. If you are going to charge the student community that they are representing the vested interests, you can rest assured that you will never succeed in finding a solution or in defusing the situation. The Prime Minister has sent his representatives for negotiating with the students. But he has categorically said, "No dilution of the 27 per cent". Is there any connection between the two? If you are interested really in the negotiations, why are you then repeatedly saying the same thing over and over again? That is why I feel in the heart of my heart that the Government does not seem to be interested in defusing the situation, in claiming down the tension, in bring everybody concerned to the negotiating table and trying to find an aimcable solution to the problem rather than allowing this kind of a conflict to continue and trying to take the maximum political advantage out of the same. That is the feeling that one gets and that is why I feel that it is high time that everyone of us took a very serious note of it. At least we feel very sincerely that the Government has abdicated all its claim to rule the country and it has lost the trust and confidence of the people.

I feel I should not dilate any more. I would only requ st the honourable Prime Minister to submit his r signation gracefully and give a kind of solace to the student community ...(*Interruptions*)...

SHRI T. A. MOHAMMED SAQHY (Tamil Nadu): You people never raised your voices when 25 people immolated themselves in Tamil Nadu some years ago... (*Interruptions*)...

SHRI S. B. CHAVAN: Madam, I would request the honourble Member to let me speak ...(*Interruptions*)...

SHRI T. A. MOHAMMED SAQHY: You must understand that so many people committed self-immolation...(*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down...(*Interruptons*)... Let him speak...(*Interruptions*)...

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : मंडल कमीशन के बारे में कांग्रेस का स्टैंड क्या है, कृपया यह बताइए ?

SHRI S. B. CHAVAN: You must consider what you are doing. Ultimately, I hope, you are not interested in destroying the entire foundation of the country...(*Interruptions*)...Ultimately, it is the good of the country that you have to keep in your hearts. If this is the sole criterion, then I feel that it is high time that the Prime Minister submitted his resignation...(*Interruptions*)... Instead of somebody asking him to do this, he himself should gracefully resign his post and allow others. Even if from the Janta Party somebody else were to take charge, certainly we do not mind it. (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri S. P. Malaviya.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: I have a point of order. I would like to know from Shri S. P. Malaviya: Is he speaking as a member of the Chandrashekhar-Devi Lal group or on behalf of the V. P. Singh group? (*Interruptions*)

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA (Uttar Pradesh): Subramanian group ! (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: That point of order does not require my ruling. (*Interruptions*)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : माननीया उपसभापति जी, अभी श्री एस० बी० चव्हाण ने जो विचार व्यक्त किए, उनको मैंने बहुत ध्यान से सुना । उनके विचारों का तो मैं आदर करता हूं लेकिन उनके विचारों से मैं अपना मतभेद और भिन्नता व्यक्त करता हूं । मंडल-कमीशन की सिफ़ारिशों को लागू करने के बाद आज देश में जो वातावरण बना है वह न केवल दुखदायी है बल्कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है । इस बात को कहना कि मंडल-आयोग की सिफ़ारिशों को बिना सलाह-मशविरे के, बिना किसी की राय लिए या बिना जन-समर्थन के लागू किया गया, यह बात उचित नहीं है ।

महोदया मैं सन् 1977 के जनता-पार्टी के घोषणा-पत्र की ओर जाना चाहूंगा । सन् 1977 में जनता-पार्टी में जो नेता थे उनमें श्री अटल बिहारी वाजपेयी और श्री लाल कृष्ण आडवाणी भी सम्मिलित थे और बाद में जब सरकार बनी तो उस सरकार के मंत्रिमंडल में भी ये दोनों राष्ट्रीय-नेता सदस्य थे । तो सन् 1977 में जनता पार्टी का जो घोषणा-पत्र बना उसमें इस देश की जनता से इस बात का वायदा किया गया था कि यदि जनता-पार्टी ताकत में आती है तो केन्द्र की जो सरकारी नौकरियां हैं उनमें काका कालेलकर की सिफ़ारिश के अनुसार 25 से 35 प्रतिशत तक आरक्षण करेंगे । जनता-पार्टी ताकत में आई । उसके बाद मंत्रिमंडल की बैठक हुई और दिसंबर 1978 में जहां तक मुझे ख्याल पड़ता है 20 दिसंबर 1978 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री मोरार जी भाई ने इसी सदन में घोषणा की कि पिछड़े वर्गों के लिए एक दूसरा आयोग बैठाया जाएगा । बाद में मंत्रिमंडल का फ़ैसला हुआ और बी. पी. मंडल की अध्यक्षता में आयोग बैठाया गया । उस वक्त जो मंत्रिमंडल का फ़ैसला हुआ, उस फ़ैसले के साथ श्री अटल बिहारी वाजपेयी और श्री लाल कृष्ण आडवाणी भी थे क्योंकि मैंने बहुत ढूंढने की कोशिश की कि शायद किसी भाषण में या कहीं पर कोई भिन्नता, जो आज के हमारे भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का मत है, वह प्राप्त हो सके, लेकिन ऐसा नहीं हुआ ।

महोदया, उसके बाद मंडल-आयोग की सिफ़ारिश हुई, दिसंबर, 1980 में मंडल साहब ने सिफ़ारिश दे दी । चौधरी चरण सिंह जी उस वक्त इस देश के केयर-टेकर प्राइम-मिनिस्टर थे । जब चौधरी साहब केयर-टेकर प्राइम-मिनिस्टर बने थे तो तत्कालीन राष्ट्रपति संजीव रेड्डी साहब का जो आदेश था, उसमें इस बात का स्पष्ट रूप से निदेश था कि चौधरी चरण सिंह की सरकार कोई नीति-विषयक फ़ैसला नहीं लेगी । चुनाव हुए, श्रीमती इंदिरा गांधी ताकत में आ गईं ।

उसके बाद कम से कम ग्यारह बार लोक सभा और राज्य सभा में इस बात की मांग की गई कि मंडल-आयोग की सिफ़ारिशों को सदन के पटल पर रखा जाए। सन् 1982 तक इसे सदन के पटल पर नहीं रखा गया, लेकिन जब बहुत बार मांग की गई तो अप्रैल, 1982 में मंडल आयोग की सिफ़ारिशों को पटल पर रखा गया और उनके बाद बराबर इस सदन में भी और लोकसभा में भी चर्चा हुई। उस चर्चा की कार्रवाई को मैंने देखा है। एक भी माननीय सदस्य ने इस बात की मांग नहीं की कि मंडल आयोग की सिफ़ारिशों को लागू न किया जाए। जितने सदस्य बोले, बार-बार सबने मांग की कि मंडल आयोग की सिफ़ारिशों को लागू किया जाए और उसके बाद पुनः चुनाव हुए, राष्ट्रीय मोर्चा का दल चुनाव में आया और उसने वायदा किया कि मंडल आयोग की सिफ़ारिशों को राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार जल्दी से जल्दी लागू करेगी और उसी को अंग्रेजी का जो हमारा घोषणा-पत्र है उसमें कहा गया है कि "The National Front Government shall expeditiously implement the recommendations of the Mandal Commission." तो अब यह कहना कि बगैर सलाह-मशविरे के, बगैर किसी की राय लिए, बगैर सारे नेताओं को बुलाए, उनकी बैठक किए हमने सिफ़ारिशों को लागू किये और जल्दबाजी में किया, यह मेरी समझ में उचित नहीं है। 7 अगस्त को अभी जब प्रधान मंत्री जी ने घोषणा की मंडल आयोग की सिफ़ारिशों को लागू करने के संबंध में, उस घोषणा के बाद भी जो भाषण हुए हैं इस संबंध में, उसमें भी किसी ने विरोध नहीं किया। कुछ लोगों ने जरूर अपने विचार व्यक्त किए कि इसमें कुछ सुधार की गुंजाइश है, कुछ इम्प्रूवमेंट की गुंजाइश है। मैंने भी इस बात को कहा था कि प्रधान मंत्री जी ने घोषणा की है, उसमें बैंक की जो नौकरियां हैं, उनके संबंध में कोई चर्चा नहीं की गई है लेकिन मुझे प्रसन्नता है कि 13 अगस्त को जब एक शासनादेश जारी हुआ तो उस बैंक की नौकरियों के संबंध में भी इस बात को शामिल किया गया। इस बात की विस्तार से मैं चर्चा इसलिए कर रहा हूं कि इसके पहले भी जब जवाहरलाल जी इस देश के प्रधान मंत्री थे तो 1953 में संविधान की धारा 340(1) के अंतर्गत काका कालेलकर कमीशन बैठाया गया। काका कालेलकर महाराष्ट्र के रहने वाले थे, वहां के उच्च वर्ग के थे, ब्राह्मण थे और बहुत ही महान गांधीवादी थे। 1955 में उनकी रिपोर्ट प्रस्तुत हुई। किन्हीं कारणों से उस रिपोर्ट को सरकार ने स्वीकार नहीं किया। उसी के तारतम्य में जब जनता पार्टी की सरकार आई और जिन परिस्थितियों में उन्होंने मंडल आयोग को बैठाया, उसकी चर्चा मैं यहां पर कर चुका हूं। राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार ने यह वायदा किया है कि आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों के जितने भी लोग हैं—उच्च वर्ग के लोग हों, पिछड़े वर्ग के लोग हों या अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोग हों उनके जीवन स्तर को सुधारने का हम काम करेंगे।

जब हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान बनाया तो ऐसा नहीं है कि जाति-वाद व्यवस्था पर इस देश में संविधान में चर्चा नहीं की गई। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का जो आरक्षण हुआ, आखिर किस आधार पर हुआ? उसमें तो इस बात की चर्चा है कि रिजर्वेशन फ़ॉर शैड्यूल्ड कास्ट, शैड्यूल्ड ट्राइब्स। यहां पर तो बेकवर्ड क्लासिज का जिक्र है, पिछड़े वर्ग का जिक्र है, यहां पर जाति की चर्चा नहीं है। लेकिन संविधान की जिस धारा के अंतर्गत अनुसूचित जाति और, अनुसूचित जनजाति का आरक्षण किया गया वह जाति के आधार पर ही किया गया था और उसका सबने समर्थन किया। एक से एक बड़े हमारे देशभक्त, आजादी की लड़ाई के जो प्रेरणा-स्रोत थे, उन-लोगों ने संविधान बनाया था और संविधान की धारा 340 के अंतर्गत इस बात की चर्चा की गई कि सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से जो पिछड़े वर्ग के लोग हैं

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

उनके जीवनस्तर को सुधारने के लिए सरकार समय-समय पर आयोग बैठायेगी।

मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि न तो जवाहर लाल नेहरू, न श्रीमती गांधी और श्री राजीव गांधी, किसी में भी इस बात की इच्छाशक्ति न थी कि पिछड़े वर्गों के लिए जो सिफ़ारिशें की गई हैं उनको लागू किया जाए। हम लोग तो मंडल आयोग की सिफ़ारिशों को लागू करने के लिए एक बार नहीं, चार-चार पांच-पांच बार चौधरी चरण सिंह के नेतृत्व में जेल गए हैं। इसी दिल्ली के बोट क्लब पर कर्पूरी ठाकुर के नेतृत्व में हम लोगों ने सत्याग्रह किया, आन्दोलन किया। चन्द्रजीत यादव के नेतृत्व में भी, जोकि आज कांग्रेस पार्टी में है वह उस समय कांग्रेस पार्टी में नहीं थे, उनके आह्वान पर ही राम विलास पासवान जैसे लोगों ने दिल्ली के बोट क्लब पर इकट्ठे होकर गिरफ्तारियां दीं और उसमें अजीत सिंह जी भी सम्मिलित हुए, जो आज इस सरकार के मंत्री हैं।

तो मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि एक अच्छा काम हुआ है, तो उस अच्छे काम का सबको समर्थन करना चाहिए। हां उसको लेकर के यदि किसी को विरोध है, हो सकता है कि हम लोग समझा न पाये हों, हो सकता है कि अपने तर्क से हम अभी समझा नहीं सके हैं तो जो इसके विरोधी हैं, जो इसका विरोध कर रहे हैं उनसे हमारी सरकार बात करने को तैयार है और लोकतंत्र में बात से ही मामला तय होता है। लोकतंत्र सर्वसम्मति से चलता है, सर्वानुमति से चलता है, मतभेद पर भी लोकतंत्र चलता है और कभी-कभी अल्पमत की राय पर भी लोकतंत्र चलता है। इसलिये जो लोग आंदोलन कर रहे हैं उन आंदोलनकारियों से इस सदन के माध्यम से और मैं समझता हूं सदन कम से कम इस बारे में एक मत होगा कि आंदोलनकारी अपनी बात को रखें लेकिन हिंसा का रास्ता न अपनायें। आज देश में जो आत्मदाह का वातावरण है यह बहुत ही दुखदायी है, इससे सभी को कष्ट है। कोई आदमी स्वयं अपने जीवन को समाप्त करे इससे बढ़कर के कष्ट मानवता के और नहीं हो सकता है। आखिर सती प्रथा का विरोध इसी सदन ने किया। सती प्रथा का विरोध लोक सभा ने किया। लोक सभा और राज्य सभा ने मिल कर के कानून बनाया सती प्रथा का विरोध करने के लिये। किसलिये? कि सती प्रथा में जो लोग जा करके अपने को जलाते हैं एक प्रकार से आत्महत्या करते हैं। अटल जी ने भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी सती प्रथा की विरोधी है। कोई आत्महत्या करे भारतीय जनता पार्टी इसकी विरोधी है और अगर राजमाता विजया राजे सिंधिया इसका समर्थन करती हैं, जो भारतीय जनता पार्टी की राय नहीं है बल्कि यह उनकी व्यक्तिगत राय है। इसलिये मेरी अपनी राय में जो लोग आत्महत्या कर रहे हैं या जिन्होंने आत्मदाह करने की कोशिश की है यह अच्छा काम नहीं है और सारे सदन को इस बात की अपील करनी चाहिये कि वह अपने आंदोलन को वापिस लें, आंदोलन में हिंसा न करें और कम से कम जो आत्महत्या का सिलसिला जारी हुआ है उसको समाप्त होना चाहिये। आत्महत्या इस देश में पहले भी हुई हैं। अभी एम. बी. चव्हाण साहब ने जिक्र किया, आत्महत्या 54 दिन बाद की और जवाहर लाल नेहरू जी ने आंध्र प्रदेश राज्य बनाना स्वीकार किया। एम. जी. रामचन्द्रन की जब मृत्यु हुई तो कितने लोगों ने आत्महत्या की? हिंदी का जब आंदोलन हो रहा था, हिंदी के विरोध में चाहे हो रहा हो उस समय भी दक्षिण के बहुत से लोगों ने आत्महत्या की।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया (बिहार) : जस्टिफ़ाई कर रहे हैं?

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मैं जस्टिफ़ाई कर रहा हूं? मेरी बात सुनिये। जो लोग आत्महत्या करते हैं इसको मैं कायरता का द्योतक मानता हूं

इस देश को जिंदा रहना चाहिये और जिंदा रह करके अपनी बात को रखना चाहिये .... **(व्यवधान)** मेरा निवेदन यह है कि इस सदन को एक मत हो करके आज एक अपील करनी चाहिये कि लोकतंत्र में आंदोलन में हिंसा का कोई रास्ता नहीं है । लोकतंत्र के आंदोलन में..... **(व्यवधान)**

कुमारी सरोज खापर्डे : मालवीय जी एक मिनट । जैसे कि आपने कहा कि आत्मदाह या आत्महत्या करने वाले कायर होते हैं । उसको आपने कायरता कहा । अगर आप इस चीज को कायरता कहते हैं तो प्रधान मंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी को आप उसको क्या कहेंगे? उनका रवैया जो है.... **(व्यवधान)** उसको आप क्या कहेंगे ?

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : उस पर मैं आपसे बाहर बात करूंगा तो मैं यह निवेदन कर रहा था और इसीलिये.... **(व्यवधान)** अख्तर खां हैं । वीर अर्जुन में 27 सितम्बर, 1990 को उनका एक लेख है । लेकिन केवल आत्म हत्या के संबंध में उनकी जो राय है उसको मैं आपकी अनुमति से सदन के सम्मुख रखना चाहता हूं। आत्मदाह करना कानूनन जुर्म है और मृत्यु न होने पर उसे सजा भी मिल सकती है । परन्तु देश भर में हवा फैलायी जा रही है कि आत्म हत्या करने वाले शहीद हो रहे हैं । आत्म हत्या करने वाले को कभी सही नहीं कहा गया बल्कि उसे बुजदिल, कायर तथा सामाजिक और घरेलू अथवा सीमा पर चुनौतियों के सामने न टिक पाने वाले डरपोक की संज्ञा दी गयी है ।

एक सम्मानित सदस्य : यह क्या पढ़ रहे हैं आप ?

श्री सैयद सिब्ते रजी : सरकार के निकम्मेपन को छिपाया जा रहा है ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : तो मैं यह निवेदन कर रहा हूं कि जो किसी भी जाति के गरीब लोग हैं, उनके सामाजिक जीवन स्तर को सुधारने के लिए राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार कटिबद्ध है, प्रतिबद्ध है और उसके लिए कुछ निर्णय लिए गए हैं। इसी सदन में 27 अगस्त को प्रधानमंत्री जी ने घोषणा की कि 5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत ऐसे लोगों के लिए आरक्षण किया जाएगा। दूसरा, हमारा जो चुनाव घोषणापत्र है, उसके अनुपालन के तहत काम के अधिकार को संविधान में मौलिक अधिकारों में ही जोड़ा जा रहा है। इस संबंध में घोषणा भी हो चुकी है और मुझे पूरी आशा है कि बहुत जल्दी इस विभाग के जो मंत्री हैं, श्री राम विलास पासवान वे इस संबंध में संविधान संशोधन विधेयक लाएंगे।

महोदया, मैं अपनी बात को ज्यादा न बढ़ाते हुए केवल यह निवेदन करना चाहता हूं कि छात्रों को समझाने की जरूरत है। जो लोग आंदोलन कर रहे हैं उनको समझाने की जरूरत है, उनसे यह कहने की जरूरत है कि उनके जीवन-स्तर को और उनके परिवार के जीवन-स्तर को सुधारने के लिए न केवल राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार बल्कि इस देश की संसद जिसमें सभी पार्टियों के लोग हैं, वे प्रतिबद्ध हैं और इस सिलसिले में वे कारगर कदम उठाएंगे। इस सबसे जो लोग राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं, उनसे मेरा करबद्ध अनुरोध है कि यदि सरकार ने कोई निर्णय लिया है और उस निर्णय से उनको असंतोष है तो उनके साथ बैठकर बातचीत करने में हमें कोई आपत्ति नहीं है। बैठकर बातचीत करने से बहुत से मामले सुलझ सकते हैं। जब भारत और पाकिस्तान का झगड़ा हुआ तो शिमला समझौता हुआ, वह समझौता किस बात का नतीजा था? श्रीमती इंदिरा गांधी और श्री भुट्टो शिमला में बैठे, उन्होंने बातचीत की और वह समझौता हुआ। तो जब दो देशों के प्रधानमंत्री समझौता कर सकते हैं तो सारे राष्ट्रीय नेताओं को इस मसले पर आगे आकर सरकार के साथ सहयोग

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

करना चाहिए, सरकार का समर्थन करना चाहिए और आंदोलनकारियों की जो उचित और जायज मांगें हैं, उनको मानने के लिए हमारे प्रधानमंत्री और हमारे नेताओं ने सार्वजनिक रूप से घोषणा पहले ही कर दी है और मुझे पूरी आशा है कि जो घोषणा उन्होंने की है उसको वे मानेंगे।

अटल जी इत्तफ़ाक से यहां पर उपस्थित हैं। अटल जी बराबर इस बात को कहते रहे हैं कि राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद के मामले में जो न्यायालय का स्थगन आदेश है, उसको मानने के लिए हम तैयार नहीं हैं और कुछ लोग इस बात का नारा दे रहे हैं कि न्यायालय का आदेश चाहे जो भी रहे लेकिन हर सूरत में 30 अक्तूबर को राम जन्मभूमि पर मंदिर का शिलान्यास होगा लेकिन इस मामले में मैंने अटल जी का वक्तव्य पढ़ा कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर हो चुकी है इसलिए सरकार को मंडल आयोग की सिफ़ारिशों को लागू करने के फ़ैसले को स्थगित कर देना चाहिए। तो मैं सिर्फ़ यह निवेदन करना चाहता हूं कि दोहरा मापदंड नहीं चलेगा। अगर कोई मामला सर्वोच्च न्यायालय में चला गया है... (**व्यवधान**)

श्री एन०के०पी० साल्वे (महाराष्ट्र) : मैं चाहता हूं कि आप एक बात का स्पष्टीकरण कर दें क्योंकि बड़ा अहम मुद्दा आपने उठाया है। आप कह रहे हैं कि बातचीत करके सारे देश में सिचुएशन को संभाला जाए। आपके नेता यह कह रहे हैं कि हमारा जो फ़ैसला है वह अंतिम फ़ैसला है, उसे किसी भी हालत में हम बदल नहीं सकते और आप आगे आकर बात करने के लिए कह रहे हैं। ये दोनों बातें क्या हैं? इसका परिणाम यह हो रहा है कि लोग आप पर विश्वास नहीं करते। जब आपका दिमाग खुला नहीं है उनकी बात को समझने के लिए और जब आपका रवैया यह है कि हमने जो फ़ैसला कर लिया वह तो फ़ाइनल है तो इसका आप कृपया स्पष्टीकरण करें कि आपका क्या बिगड़ेगा यह कहकर कि जो फ़ैसला हुआ है इस पर पुनर्विचार हो सकता है, आप ओपन माइंड से इस पर बात करने के लिए तैयार हैं, इसलिए छात्र नेता आगे आएं और बातचीत करके इस मसले को खत्म करें।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया: महोदया, मैं अपनी बात कह रहा हूं और पूरे प्रमाण के साथ कह रहा हूं। I, S. S. Ahluwalia, Member of the Rajya Sabha representing my home state, Bihar, respectfully remember Late B.P. Mandal, also of Bihar, the then Chairman of the Mandal Commission, which had submitted its various recommendations for the development of other backward classes (OBCs) in December, 1980, and a portion whereof, pertaining to reservation of jobs in central government sectors, has since been imposed by the Prime Minister Raja Vishwanath Pratap Singh through a hasty executive order dated August 13, 1990, without taking the Nation into confidence and which have flared up strong protests in the society, which, incidentally, is the subject-matter of discussion in Rajya Sabha to-day, leading to youth and students resorting to tragic self-immolations and suicides in the recent days, solemnly affirm and declare here in this august House that:—

1. I am an Ahluwalia a Sikh falling under the entry No. 73 (Seventy three) o Volume (VI) of the Second Backward Classes Commission Report of 1980, under the caste "Kalwar" in the Bihar list of OBCs. The corresponding entries of my caste are duly listed in the list of OBCs in Andhra Pradesh in the caste No. 95, in the list of Madhya Pradesh—caste No. 154, in the list of Maharastra as caste No. 117, in the list of Orissa caste No. 79, in the list of the Punjab it is caste No. 56, in the list of Tripura caste No. 59, in the list of West Bengal it is caste No. 86 and it is caste No. 46 in the list of Delhi. I am, therefore, a backward and let me support my claim of being a backward on the basis of the chapter on "The Races, Castes and Tribes of the People" in the Report on the Census of the Punjab, 1883, published by the Languages Department, Punjab, in 1970, in the document entitled "Punjab Castes"—which clearly stated the status of kalal or kalwar, who are known as Neb in Nabha and Patiala, as 'Kakkezai' when he is Mahomedan, and "AHLUWALIA" if he is a Sikh.

2. Many of the illustrious rulers and men from Punjab too were backward according to the classification in the above-mentioned document.

3. But having moved up in social, educational and economic life through the strenuous efforts of my grandfather and father and also through my own efforts, I and my children shall have no need of any concessions available to us through the policy of reservation to which we have become entitled to as per the above mentioned Order of the National Front Government.

4. I deem it an act of patriotism that my backward class member whatever be his political, social, economic, educational affiliation, who have attained progress in the society should renounce their claim

to be a backward class member of the Indian community, and, make a sacrifice of all concessions available to them for the less privileged backward class brethren—those who are educationally, socially and economically un-priviledged and under-privileged.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ahluwalia, what are you reading? (*Interruptions*)

SHRI S. S. AHLUWALIA: Madam, it is my declaration in this august House and through this august House to the entire nation. (*Interruptions*) I, S. S. Ahluwalia, therefore, declare that it is my firm belief that reservations should be targeted to the poor and the weaker among the backward classes in the true spirit of Article 140 of the Constitution. I and my children shall not avail of any concessions that may be available to us. (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Just a minute. Mr. Ahluwalia, your time is over.

SHRI S. S. AHLUWALIA : Madam, I am concluding. Let me conclude. I shall request that all Members of the Backward Classes in the Parliament, Ministers and former Ministers and also those in the Class I and Class II jobs in Central or State Governments or public sector undertakings or in Government-aided institutions and/or who are Income-tax payers, should make a similar declaration.

I, therefore, justify my sympathy for the students and other members of the masses who have come out on the streets, to exercise their democratic rights to protest against the inept handling of the present situation and apparent use of the Mandal Commission recommendations by the Prime Minister Raja Vishwanath Pratap Singh for the sole intention of creating a power base for himself even by shamelessly inviting caste-war to divide the society and to undo all our strides towards casteless society for last one hundred years. (*Interruptions*) Madam, I am coming to my last point.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): He is supporting the upper castes.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ahluwalia...(*Interruptions*)...

SHRI S. S. AHLUWALIA: Give me one minute.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You have taken enough time in reading...

SHRI S. S. AHLUWALIA : Just one minute, Madam. महोदया, ये जो लड़के-लड़कियां आत्मदाह कर रही हैं, मारी जा रही हैं, वे क्या कहती यह भी जरा सुनिए ... (व्यवधान) कल टी० वी० में जनेश्वर मिश्र ने कहा कि सोशली बैकवर्ड क्लासेज के लिए आपने ऐजूकेशन की व्यवस्था तो की नहीं और प्रधान मंत्री ने खुद कहा है कि वह व्यवस्था मैं नहीं करूंगा । जब आप ऐजूकेशन की व्यवस्था नहीं करेंगे तो उनको किस प्रकार से जागृत करेंगे ? यह लड़के मांग कर रहे हैं कि मंडल कमीशन को वापस लो । ये जो लड़कों की मांग है वह मैं आपके माध्यम से सरकार के सामने रखना चाहता हूं । वे कहते हैं—"Unconditional withdrawal of Mandal Commission's recommendations...

SOME HON. MEMBERS: No, no.

SHRI S. S. AHLUWALIA:.. and the initiation of a meaningful national debate on it; appointment of a fresh Commission with the purpose of reviewing the reservation policy; Inclusion of Right to Education as a Fundamental Right...

SHRI DIPEN GHOSH (West Bengal): Is that his Party's opinion?

SHRI S. S. AHLUWALIA: .. and universalization of education till high school level; expansion of employment opportunity providing Work for All so that the question of reservation becomes redundant."

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seat.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : महोदय, इसके जवाब में उनको गोलियां खानी पड़ रही है। मैं इस सरकार की भर्त्सना करता हूं। धिक्कार है इस सरकार को जो कि घड़ियाली आंसू बहाकर देश को तोड़ने की कोशिश कर रही है।... **(व्यवधान)**

SHRI N.E. BALARAM: We do not know whether he is supporting or opposing. He is in utter confussion. (*Interruptions*)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (मध्य प्रदेश) : महोदय, हम संसद के विशेष अधिवेशन के लिए इकट्ठे हुए हैं। यह अधिवेशन पंजाब के सम्बन्ध में संविधान का संशोधन करने वाले विधेयक को पारित करने के लिए बुलाया गया है। स्पष्ट है कि पंजाब में चुनाव करने की स्थिति नहीं है। इससे यह भी स्पष्ट है पंजाब की स्थिति गम्भीर है। मुझे खुशी है कि कांग्रेस पार्टी ने इस सवाल पर संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन करने का फैसला किया है। यह एक सही कदम है। अच्छा होता कि वह इस सम्बन्ध में अनिश्चितता न बनाये रखते लेकिन देर से आये, सही आये। सुबह का भूला शाम को घर आ जाए तो वह भूला हुआ नहीं कहलाता।

लेकिन चर्चा हो रही है एक अन्य विषय पर। सिर्फ इस लिए नहीं के पंजाब का विधेयक पहले लोक सभा में पास होगा, उसके बाद वहां आयेगा तो इस बीच में हम क्या काम करें, चलो, मंडल कमीशन पर ही चर्चा कर लें। सचमुच में यह जो चर्चा हो रही है वह एक बड़ी गम्भीर परिस्थिति में हो रही है। परिस्थिति विस्फोटक है, परिस्थिति नाजुक है, अगर मैं कहूं तो अतिशयोक्ति न होगी कि स्वतंत्र भारत के सामने ऐसी परिस्थिति पहले कभी उत्पन्न नहीं हुई थी। हमारे नौजवान, कमसिन लड़के और लड़कियां - आत्मदाह, कर रहे हैं, जान पर खेल रहे हैं। आत्मदाह उत्तर के लिए नया है, भले ही दक्षिण के लिए पहचाना हो, परिचित हो। कोई जरूर बात ऐसी है जो इनके अन्तरतम को छू रही है। हमें इसका पता लगाने का प्रयत्न करना चाहिए।

जम्मू से लेकर पूरे उत्तर में कुछ प्रदेशों में अधिक और कुछ में ज्यादा-शहरों में, कस्बों में आत्मदाह करने वालों की शृंखला तैयार हो गयी है। हम सब जानते हैं कि छात्रों के आंदोलन का कोई एक नेतत्व नहीं है, कोई संगठन नहीं है। कहीं कोई पढ़ा-लिखा कर छात्रों को आत्मदाह करने के लिए भेज रहा हो अभी तक मुझे इसके प्रमाण नहीं मिले हैं, लेकिन लड़के अपनी जान पर खेल रहे हैं। जो लड़का आठवीं में पढ़ रहा है, जिसे नौकरी करनी पड़ेगी या नहीं करनी पड़ेगी यह अभी तक तय नहीं है कोई अपना धंधा कर सकता है, जिसके लिए सेन्ट्रल सर्विसेज में जाना एक सपना है, वह क्यों आग लगा रहा है, इसका गहराई से अध्ययन करने की जरूरत है। आत्मदाह से कोई मर जाता है, किसी [illegible] र

मर जाता है तो समाज में एक ऐसी स्थिति पैदा होती है जिसमें मानसिक सन्तुलन कायम नहीं रह सकता । इस स्थिति का हम सामना कर रहे हैं ।

समाज में पिछड़े हुए वर्ग हैं शिक्षा की दृष्टि से पिछड़े हैं, सामाजिक दृष्टि से पिछड़े हैं । हमारा समाज बड़ा विषम समाज है, इसमें समानता नहीं है । विषमता को यहां श्रेणीबद्ध कर दिया गया है । शिक्षा में समानता न होने के कारण यह विषमता बढ़ रही है । यह अलग पहलू है जिस पर यहां पर विस्तार से चर्चा करने का समय नहीं है । इस समाज में जिनके अवसर समान नहीं हैं जिनके जन्म के कारण जाति के कारण विषमता रूढ़ हो गयी है इनमें शिक्षा समान नहीं है....।

1 P.M.

जो पिछड़े हुए हैं और सैकड़ों सालों से पिछड़े हुए हैं उनके लिए कुछ विशेष अवसरों का प्रबंध होना होगा, विशेष सुविधायें देनी पड़ेंगी ।

आज से नहीं पहले से जब से हम राजनीति कर रहे हैं इसमें हमारा दृष्टिकोण साफ़ है । अभी मालवीय जी हमारे घोषणा-पत्र का उल्लेख कर रहे थे । अपने घोषणा पत्र में हमने जो लिखा है वह विचार-विमर्श के बाद लिखा है । यहां पर सोलंकी जी बैठे हुए हैं उन्हें गुजरात में एक बड़े आन्दोलन का सामना करना पड़ा था । यह आन्दोलन ऐसा है जो देश को बांटता है, जातियों को बांटता है, पार्टियों को बांटता है । क्या जनता दल इससे अछूता है ? मामला बहुत नाजुक है ।

होना यह चाहिए था कि सामाजिक न्याय के सवाल पर भी देश में एक सर्वानुमति बनाई जाती, एक आम सहमति बनाई जाती । वह बन सकती थी । लेकिन उसके लिए सत्ता पक्ष को अपने में सहमति बनाने की जरूरत थी । मेरे मन में बार-बार सवाल उठता है कि भई फ़ैसला आपका था घोषणा पत्र में हमारे भी लिखा हुआ है । अभी मालवीय जी 1977 की याद दिला रहे थे । मैं पिछली बातों में नहीं जाना चाहता हूं । काका कालेलकर जी की अध्यक्षता में एक कमीशन बना था । उसकी सिफ़ारिशें भी आ गई थीं । काका कालेलकर भी सारे देश का भ्रमण करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचे कि यह तो हम एक मदारी का पिटारा खोल रहे हैं । 1977 में जनता पार्टी ने जिसमें हम भी शामिल थे, मंत्री थे, उसने दूसरा कमीशन बनाने का फ़ैसला किया । क्यों ? संविधान निर्माताओं ने तो साफ़ कह दिया था कि सुविधायें मिलनी चाहिए । किन्तु सन 1977 में जनता पार्टी ने फ़ैसला किया कि इस पर और विचार होना चाहिए आम राय बननी चाहिए । इसलिए कमीशन बनाया गया । यह ठीक है कि इतने सालों से यह मामला पड़ा हुआ था । बीच-बीच में इस पर चर्चा भी होती रही । सदन में आम तौर पर यह बात कही गई कि इस कमीशन की सिफ़ारिशों को लागू किया जाना चाहिए । मगर मैं पूछता हूं कि 7 अगस्त क्यों ? क्या कोई मुहूर्त निकला था ? क्या इसकी कोई पृष्ठभूमि है ? इसका उत्तर चाहिए क्योंकि लोग कह रहे हैं कि यह राजनैतिक कारणों से किया गया है जनता दल में आपस में कलह चल रहा था इसलिये किया गया । यह गलत हो सकता है मगर यह सवाल तो रह ही जाता है कि आखिर 7 तारीख क्यों ?

लोकतंत्र में काम सही होना चाहिए इतना ही काफ़ी नहीं है । लोकतंत्र में काम सही तरीके से भी किया जाना चाहिए, इसका बहुत महत्व है । यह साध्य और साधन का सवाल है । यह ठीक है प्रधान मंत्री ने कम से कम मेरे दल को सूचना दी, हमें सूचित किया.... (व्यवधान) जाधव साहब तुम्हीं गप्प लगा । मैं क्या कर रहा हूं क्या भाड़ झोंक रहा हूं ? महोदया इन्होंने "भूमिका" कहा इसलिए मुझे ऐसा शब्द ढूंढना था इसलिए मैंने "भाड़" कहा । "भाड़" कोई अच्छा संपदीय शब्द नहीं है । महाराष्ट्र वालों को इसमें आपत्ति हो रही है, इसलिए मैं इसको आगे नहीं झोंकूंगा ।

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

मैं कह रहा था कि हमें सूचना दी गई। जब यह कहा जाता है कि आपके घोषणा पत्र में था इसलिए ज्यादा बताने की जरूरत नहीं थी तब मैं यह मानने के लिए तैयार हूं, लेकिन विचार-विनिमय हो जाता, मन्थन हो जाता तो ज्यादा अच्छा होता। कम से कम जहां तक मेरी पार्टी का सवाल है, हम जरूर साथ देते। हमने शुरू से ही यह बात कही है। मैं अपने घोषणा पत्र को पढ़ना चाहता हूं। आप मुझे समय दें। मेरे ऊपर दोनों तरफ़ से हमला हो रहा है।

उपसभापति : आप बीच में बैठते ही क्यों हैं ?

SHRI S. JAIPAL REDDY: He likes to be sandwitched from both sides.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मध्य मार्ग पर चलने वालों को दोनों तरफ़ से धक्के खाने पड़ते हैं।

श्री शंकर दयाल सिंह : मैडम, मैं उनकी जगह होता तो कहता कि चूंकि आप सामने बैठी हैं.... (**व्यवधान**)

उपसभापति : आप भी आ जाइये उनके स्थान पर।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया, शंकर दयाल सिंह जी यह कह सकते हैं, वे विवाहित हैं। मैं कुंवारा हूं, मैं ऐसा नहीं कहना चाहता।

उपसभापति : अटल जी, मैं भी नहीं कह सकती क्योंकि मैं भी विवाहित हूं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया, यह हमारा चुनाव घोषणा-पत्र है। यह बात हमने जब गुजरात में, बिहार में, उत्तर प्रदेश में आंदोलन हुआ था, तब हमने यह बात कही थी और तब अपनी एक नीति निर्धारित की गई थी। उसको हमने अपने चुनाव घोषणा-पत्र में दोहराया था। मैं उसको पूरा उद्धृत करना चाहता हूं।

भारतीय जनता पार्टी की राय में आरक्षण के प्रश्न पर सभी प्रकार के पक्षपात से मुक्त होकर खुले दिमाग से विचार करना होगा। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी की निम्नलिखित सिफ़ारिशें हैं :

(1) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षण पहले की तरह जारी रहना चाहिये।

(2) मोटे रूप से मंडल आयोग की रिपोर्ट के आधार पर अन्य पिछड़े वर्गों के लिये भी आरक्षण होना चाहिये। इन वर्गों में भी गरीबों को प्राथमिकता दी जानी चाहिये।

(3) क्योंकि गरीबी पिछड़ेपन का एक महत्वपूर्ण कारण है, अन्य जातियों के लोगों के लिये भी उनकी आर्थिक दशा के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिये। महोदया, आर्थिक दृष्टि से जो गरीब हैं, दलित हैं आर्थिक दृष्टि से, वे किसी भी वर्ग के हों, किसी भी वर्ण के हों, किसी भी धर्म के हों, इस बात को मैं यहां कहना चाहता हूं कि अगर उन्हें आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया जायेगा तो हमारा विरोध नहीं होगा, लेकिन अगर धर्म के आधार पर दिया जायेगा तो नया बखेड़ा खड़ा होगा। लेकिन मैं इसको भी यहां नहीं लाना चाहता।

यह हमारा घोषणा-पत्र है। इसके आधार पर हम चुनाव लड़े। इससे हम बंधे हुए हैं। अब सरकारी पार्टी कह सकती है कि वह अपने घोषणा-पत्र से बंधे हुए है। लेकिन हम समर्थक दल के हैं और अगर दोनों घोषणा-पत्र दोहरा रहे हैं, उनमें थोड़ा सा अंतर है तो क्या सिलसिलेवार, बैठकर, सलाह मशविरे से एक चीज तय नहीं होनी चाहिये? अगर मैं जानता हूं कि सरकार जल्दी में थी और उसने ऐलान कर दिया। ऐलान करते हुए भी, अगर आप प्रमोद महाजन का उस दिन का क्लेरीफिकेशन, जो उन्होंने स्पष्टीकरण मांगा था उसे देखेंगे तो उस दिन हमने दोनों बातें कही थीं कि आर्थिक आधार

होना चाहिये, पिछड़े वर्ग के लिये। क्षमा करें, कांग्रेस से हमारी नीति में अंतर है। कांग्रस अब रास्ते पर आ गई है।... (व्यवधान)....ना ना, अगर ना है तो भी बहुत अच्छा और अगर वापस जा रहे हैं तो और भी अच्छा है। हमारा मत है कि पिछड़े वर्गों को सुविधायें मिलें, मगर पिछड़े वर्गों में जो सबसे ज्यादा गरीब हैं, उनको प्राथमिकता मिले। मेरे पास कपूरी ठाकुर का फार्मूला है। कर्पूरी ठाकुर तो पिछड़े वर्गों के नेता हे हैं। मगर वे उन पिछड़े वर्गों में भी पिछड़े थे। उनकी पीड़ा अलग थी, उनका दर्द अलग था। इसलिये उन्होंने एक नया रास्ता निकाला था। यह ठीक है कि यह आंदोलन के बाद निकला था और उसके बाद भी पूरी शांति नहीं हुई। लेकिन वह एक प्रयास था। यहां तो प्रयास भी नहीं किया गया। एक रिपोर्ट के अनुसार : Kapoori Thakur had given priority to the most backward classes among the other backward classes in Bihar. किस तरह से रिजर्वेशन होगा Backward 8%, most backward 12%, Scheduled Castes 14%, Scheduled Tribes 10%, women 3%, economically backward 3%. हमारे मार्क्सवादी मित्र ने इसका उल्लेख किया है। इस फार्मूले के आधार पर आगे बढ़ा जा सकता था, विचार-विनिमय हो सकता था, और लोगों को जोड़ा जा सकता था, भूमिका तैयार की जा सकती थी। लेकिन कदम जल्दी में उठाया गया और निर्णय पूरी तरह से लोगों के सामने नहीं आया।

जब आंदोलन ने थोड़ा जोर पकड़ा, हमारे जनता दल के मित्र इस बात को स्वीकार करेंगे कि जगह जगह मैंने लोगों से अपीलें कीं, नौजवानों से अपीलें कीं कि अब जो स्पष्टीकरण दे दिये गये हैं, उसके बाद आंदोलन का कोई औचित्य नहीं है। स्पष्टीकरण क्या थे---यह शिक्षा में लागू नहीं होगा, यह टैक्नीकल इस्टीट्यूशंस में लागू नहीं होगा, यह प्रोमोशन में लागू नहीं होगा, यह डिफेंस सर्विसेज पर लागू नहीं होगा और यह राज्यों के ऊपर मामला छोड़ दिया गया है, वह तय करेंगे कि क्या करना है।

मैं समझता था कि यह स्पष्टीकरण काफी है। इससे नौजवानों को संतोष हो जाएगा। यह मेरी शिकायत जरूर है कि अगर पहले ही दिन यह पैकेज आता और जैसे प्रधान मंत्री ने बाद में कहा कि पांच से लेकर दस परसेंट तक हम, जो इकोनामिकली डिस्प्रेड हैं, उनके लिए रिजर्वेशन का विचार करेंगे, अगर उसी दिन यह ऐलान कर दिया जाता---नहीं किया गया ---नतीजा यह हुआ कि पूरी तस्वीर नहीं आई।

जब स्पष्टीकरण पूछे गये, प्रमोद महाजन का स्पष्टीकरण था वह, तो उसके बारे में एक बात वह दी गई। वह बात भी बाद में छोड़ दी गई। उस बात को ऐसा रूप दे दिया गया कि गरीबी की रेखा से नीचे जो लोग है, उन सबको संसद में भेज दिया जाए, उन सबको विधान मंडलों में भेज दिया जाए।

यह सवाल अलग है। यह नौकरियों का सवाल है। यह सवाल सीधा नौजवानों से जुड़ा हुआ है, और स्थिति इसलिए भी बिगड़ी कि रोजगार के अवसर संकुचित हो रहें हैं, संकीर्ण हो गये हैं। केन्द्रीय सेवाओं में तो भर्ती पिछली सरकार के जमाने में ही बन्द कर दी गई थी।

नौकरियां हैं कहाँ, जिसके लिए लड़ाई हो रही है? नौकरियां हैं कहां जो आप देने जा रहें हैं? कहा जा रहा है कि 30 लख नये जाब तैयार किये जायगे। बहुत अच्छी बात है, लेकिन अगर यह इकट्ठा चला जाता, पैकेज चला जाता और मंडल कमीशन के सिफारिशों को असल में लाने का सरकार का संकल्प और काम के अधिकार को मूलभूत अधिकारों में शामिल करने का चुनाव का वादा जोड़ दिया जाता तो इतना झंझट नहीं होता। मैं मानता हूं कि यह भी चुनाव का वादा है। चुनाव में बहुत से वादे किये

[श्री अटल बिहारी बाजपेयी]

गये हैं, मगर चुनाव के वायदे सब पूरे पांच साल में पूरा करने के लिये होते हैं। यह तो नहीं होता कि सारे वादे तत्काल पूरे कर दिये जाएं। अगर उसमें कोई कठिनाई पैदा हो, तो क्या उस पर समय लगा कर गहराई से विचार करने की जरूरत नहीं होती ? यह नहीं किया गया। इसके कारण कठिनाइयां बढ़ीं।

महोदय, मालवीय जी ने 1977 का हवाला दिया है। मैं उसका उल्लेख कर चुका हूं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी से यह भी कहा है कि आप डबल स्टेण्डर्ड क्यों अपना रहे हैं, कोर्ट की बात कर रहे हैं, आप, मगर रामजन्म-भूमि मंदिर के मामले में नहीं कर रहे हैं ? इसमें क्यों कोर्ट की बात कर रहे हैं ?

हम स्थिति को और अधिक विस्फोटक होने से बचने के लिए यह कह रहे हैं। नौजवान कोर्ट की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। अगर कोर्ट स्टे दे देगा—अब यह ठीक है कि कोर्ट का फैसला कोर्ट ने करना है। मगर राम जन्म-भूमि का मामला यहाँ घसीट मत लाइए। अगर मैं आपसे पूछूं कि ठीक है हमारे तो डबल स्टण्डर्ड हैं, मगर क्या आपके भी डबल स्टेण्डर्ड हैं ? ... **(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य : दोनों के डबल स्टेण्डर्ड हैं। ... **(व्यवधान)**

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : जबकि सच्चाई यह है कि इनका कोई स्टेण्डर्ड ही नहीं है। मिलो, अगर टोका-टोकी की जाएगी ... **(व्यवधान)** अच्छा, चलिए छोड़िए। मैं इस मामले में कह रहा हूं, जनरल नहीं !... **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : डबल रोटी के ... **(व्यवधान)**

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अब अहलुवालिया जी के स्टण्डर्ड को कौन पा सकता है। वह तो असाधारण हैं, असामान्य स्टैण्डर्ड है। मैं तो उसको छू भी नहीं सकता।

महोदया, अब आप कह सकते हैं कि यह सुप्रीम कोर्ट के हाथ में है। मगर मैं जानना चाहता हूं कि अटार्नी-जनरल वहां क्यों कहने जा रहे हैं ?

SHRI S. JAIPAL REDDY: We are going to oppose the stay.

SHRI S. S. AHLUWALIA: Is he the Law Minister?

SHRIMATI MARGARET ALVA: You are an official spokesman outside, not inside he House.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: ठीक है, अब सरकार ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है, तो औरों को भी निर्णय करने में आसानी होगी। इसका एक पहलू और है। अब यह कहा जा रहा है, आम तौर पर कहा जाता है कि भाई, कुछ कम्युनिकेशन गैप हो गया है। सबसे पूरी तरह विचारविनिमय नहीं हुआ, कुछ कम्युनिकेशन गैप था। नौजवान हमारी बात समझे नहीं, कुछ कम्युनिकेशन गैप था। अभी भी नहीं समझ रहे हैं कुछ कम्युनिकेशन गैप है। क्यों नहीं समझ रहे हैं ? क्या कम्युनिकेशन गैप की बात इसलिए तो नहीं कही जा रही है कि आप अपना उद्देश्य भी प्रकट नहीं करना चाहते और इसको अमल में लाने में जो चतुराई दिखाई जानी चाहिए थी जो कुशलता दिखाई जानी चाहिए थी, जो आप नहीं दिखा सके, उस पर भी आप पर्दा डालना चाहते हैं कि हम क्या करें, कम्युनिकेशन गैप हो गया।

महोदया, भारत में कम्युनिकेशन गैप कोई नया नहीं है। यह रामायण काल से हो रहा है। राजा दशरथ कैकेयी को बता नहीं सके कि राम का राजा बनाना मेरा फैसला है, मैंने निर्णय किया है, तुम्हें स्वीकार करनी चाहिए। एक कम्युनिकेशन गैप हो गया। मन्थरा ने उल्टा भर दिया। रामायण हो गयी। राम को वनवास जाना पड़ा। महाभारत में भी कम्युनिकेशन गैप

हुआ था। कुंती ने कर्ण को तो कह दिया कि तुम पांडव हो मगर पांडवों को नहीं कहा कि कर्ण तुम्हारा भाई है। ... (**व्यवधान**)

SHRI DIPEN GHOSH: Vajpayee Ji, that was a deliberate communication gap. Had there not been such a communication gap, there would not have been Mahabharata.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : इसीलिए हुआ...आपने यह काम आसान कर दिया है। यह जो कम्युनिकेशन गैप कहीं जा रही है यह संयोग से अकस्मात है, संयोगवश है या फिर दानवुद्धिकर के है। मैं... (**व्यवधान**) एक गैप हो गया है। ... (**व्यवधान**) मैं नहीं जानता यह स्थिति क्या है? महादेव, हम लोग दुखी हैं और अगर पिछड़े वर्ग के लोग सोचें, जो आज शांत हैं कि उन्हें न्याय देने का इतना विरोध हो रहा है तो ऐसा सोचने का अधिकार है। हर मंत्रिमंडल के सदस्यों को थोड़ी अधिक जिम्मेदारी दिखानी चाहिए। जो सत्ता में है उनका दायित्व ज्यादा है। उन्हें जहर भी पीना पड़ेगा। उनकी वाणी में संयम चाहिए, उनके आचरण में उत्तेजना नहीं चाहिए। देश का भाग्य आपके हाथ में है और यह जलता हुआ देश, यह आत्म-हत्या करते हुए नौजवान, यह कोई इतिहास बदलने की घटना नहीं है। हमारे मित्र पासवान समझाएं कि इतिहास इस तरह से नहीं बदलते कम से कम इस देश में इतिहास बदलने के लिए परंपरा कायम हुई, महात्मा गांधी के नेतृत्व में हम इतिहास बदलेंगे, मगर हिंसा नहीं होनी चाहिए। मगर शायद जनता दल ने फैसला किया है कि वह महात्मा गांधी के रास्ते पर नहीं चलेगा, केवल डा० अम्बेडकर के रास्ते पर चलेगा। मैं डा० अम्बेडकर का आदर करता हूं। ... (**व्यवधान**) मैं डा. अम्बेडकर का आदर करता हूं, मगर इस देश की परंपरा में महात्मा गांधी भी हैं और डा. अम्बेडकर भी हैं। लेकिन प्रधान मंत्री ने जब सत्ता संभाली और देश के नाम संबोधन जो दिया उसमें महात्मा गांधी का नाम नहीं था। ... (**व्यवधान**) मैं किसी को छोटा दिखाने के लिए नहीं कह रहा हूं, मुआफ करिए। समाज को बदलने की महात्मा गांधी की एक कला थी, वह विज्ञान था। वह समाज को बदलते जाते थे, प्रभावित लोगों को भी बदलते जाते थे और उन्होंने बदल दिया। प्रश्न यह है कि क्या सामाजिक न्याय और सामाजिक एकता परस्पर विरोधी हैं। क्या दोनों में तालमेल नहीं बैठाया जा सकता? क्या सामाजिक न्याय लाने के लिए सामाजिक समरसता समाप्त करनी जरूरी है? जरूर नहीं होनी चाहिए। एक दिन प्रधान मंत्री ने जब कहा कि मेरे सामने सवाल यह है कि मैंने जो फैसला किया है मैं उस पर डटा रहूं या कुर्सी पर डटा रहूं तो मैं कुर्सी छोड़ने को तैयार हूं, ठीक है, मगर प्रश्न को इस तरह से नहीं देखना चाहिए। हम नहीं चाहते कि प्रधान मंत्री कुर्सी छोड़ें। हम यह भी नहीं चाहते कि सामाजिक न्याय न हो, मगर हम ऐसी नीतिसत्ता की आशा करते हैं कि सामाजिक न्याय भी हो और समाज की समरसता उभी न टूटे, कोई नौजवान उतावला होकर, किसी भावना के वशीभूत होकर आत्महत्या की नौबत तक न आ जाए। मगर यह काम कठिन है तो कठिन काम करके दिखाना होगा। लेकिन यह कठिन काम नहीं हो रहा है। रास्ते निकाले जा रहे हैं। इसलिए देश इस मुसीबत में फंस गया है। इस मुसीबत से निकलने के लिए सभी को इकट्ठा बैठना चाहिए, बात करनी चाहिए।

मुझे क्षमा करें, सर्वदलीय बैठक हुई थी। सर्वदलीय बैठक में दो सवालों पर सभी की आम राय थी—पिछड़े वर्गों के लिए रिजर्वेशन होना चाहिए और छात्रों से बात करनी चाहिए। तत्काल छात्रों से बात करने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। उसमें देर हुई। तब आत्म-दाह नहीं था। छात्र बात करने के लिए तैयार थे। उस समय बात नहीं हुई। उसका एक कारण यह भी हो सकता है कि ऐसे लगा था

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

कि जो उफ़ान आया था, वह शायद शांत होगा । हमें भी उम्मीद नहीं थी कि स्थिति ऐसी खतरनाक हो जाएगी, लेकिन अगर उस समय चर्चा शुरू हो जाती तो बात नहीं बिगड़ती । ठीक है आप चर्चा करेंगे तो खुले दिमाग से करेंगे, लेकिन यह जो परस्पर विरोधी बयान आए हैं, इससे भी कठिनाई पैदा हुई है । मैं जानता हूं कि सत्ता पक्ष की भी मुश्किलें हैं, लेकिन आप कहें कि हम बात-चीत के लिए तैयार हैं और यह भी कहें कि हमने जो फ़ैसला कर लिया है, वह कायम रहेगा—तो बात काहे की है ? लेकिन जनेश्वर मिश्र का यह कहना भी ठीक है कि अगर हम कह दें कि अच्छा हम रद्द करते हैं, तो फ़िर बात काहे की ? यह भी हम नहीं कह सकते कि हमने जो फ़ैसला किया है वह रद्द है, आओ बात करो । वह कहेंगे कि हम अपने घर जा रहे हैं, आपने बहुत अच्छा किया ।

यह मुश्किल है । अब इसमें कोई आसान रास्ता नहीं है । मगर हमारा प्रयत्न है कि छात्रों को सही रास्ते पर लाया जा सकता है, लाना चाहिए । इसमें अगर सुप्रीम कोर्ट स्टे दे देती तो सरलता होती, आसानी होती एक वातावरण बनता, कोई रास्ता निकलता आपने पिछड़े वर्ग को जो आरक्षण दिया है, वह भी कायम रहता और अन्य लोगों के मन में जो आशंकाएं पैदा हो गई हैं, उनका भी निराकरण किया जा सकता था । मगर नीतिमत्ता नहीं दिखाई जा रही है । मुझे इसका अफ़सोस है । हम समर्थक दल हैं । हमारे हाथ में सत्ता नहीं है । हम सलाह दे सकते हैं । मगर अगर हर सलाह को दलगत दृष्टि से देखा जाएगा, यह सोच समझा कि भारतीय जनता पार्टी वाले फंस गए हैं । इनके हाथों से हिमाचल गया । दिल्ली में खुराना जी के कपड़े फाड़ दिए । आंदोलन हर जगह हो रहा है, इनका अपर-कास्ट का भी वोट दिया, बैकवर्ड तो इनके साथ थे ही नहीं । अगर यह सोचने का तरीका है तो यह तरीका सार्थक तरीका नहीं है । यह संरचनात्मक तरीका नहीं । मैं आरोप नहीं लगा रहा हूं । कहीं-कहीं यह भावना है कि ठीक है, भा.ज.पा. वालों को मुसीबत हो रही है, होने दो । अगर सहयोगियों के साथ, समर्थकों के साथ व्यवहार करने की आपकी यह कसौटी है, यह मानदंड है तो फ़िर सहयोगियों को भी विचार करना पड़ेगा । आपके लिए भी कठिनाइयां पैदा होंगी ।

मैं इस सवाल को चुनाव की दृष्टि से नहीं देखता । मैं अपने सत्ता दल के मित्रों से भी कहना चाहता हूं कि किसके कितने वोट हैं, हम ऐसा करेंगे तो पूरा का पूरा वोट हमारे पास आ जाएगा, पूरा वोट बैंक हमें मिल जाएगा और अगले चुनाव में हमारा घोड़ा सीधा लाल किले पर पहुंच जाएगा, इस तरह से मत सोचिए जो कुछ दांव पर लगा है, वह बहुत बड़ी चीज है । वह केवल सत्ता नहीं है वह केवल शासन नहीं है । आज नौजवान पूछ सकते हैं पूछते हैं और मेरे पास जवाब नहीं है। यह मैं आपसे ईमानदारी से कहना चाहता हूं। पंजाब जल रहा है काश्मीर पर शत्रु के दांत लगे हुए हैं आसाम में स्थिति बिगड़ रही है महंगाई से लोग दुखी हैं । हो सकता है कि नौजवान के मन में कहीं न कहीं इस समय जो सारी समस्याओं का घटाटोप इकट्ठा हो गया है उसका कोई इकट्ठा असर काम कर रहा हो। लोग हम से भी पूछते हैं साहब पंजाब जल रहा है देश में आग लगी है और आप रथ यात्रा में लगे हो ? यह पूछते हैं हम से हमने उनको अपने ढंग से संतोषजनक जवाब दिया है। मगर इस बीच में जिनके हाथ में सत्ता है वह एक नया बखेड़ा खड़ा कर दें, यह ठीक नहीं है। हम जानते हैं, यह इरादा नहीं था, मगर मदारी की पिटारी खुल गयी, तरह-तरह के जीव-जंतु और प्राणी बाहर आ रहे हैं। इन को पिटारी में भेजिए, ऐसा कोई रास्ता निकालिए। इस में हम मदद देने के लिए तयार हैं। इसलिए कोई चुनौती-भरी भाषा में न बोलें। इसका लाभ नहीं होगा क्योंकि यह सवाल

जुड़ा है समाज की सुस्थिरता के साथ। यह ठीक है कि समान विषय है। इस समाज में शोषण है। मगर शोषण इस तरह से दूर कीजिए कि समाज की एकता भी बनी रहे और स्थायी दरार पैदा न हो।

मैं विरोधी पक्ष से भी कहना चाहता हूं पंजाब के बारे में आपका जो दृष्टिकोण है, वह रचनात्मक है, मैं उसकी सराहना करूंगा। आप तय कर लेते कि हम साथ नहीं देंगे, चुनाव हो जाते। इस समय पंजाब में चुनाव होते तो अच्छा नहीं होता। मंडल के सवाल पर, मैं जानता हूं, आपके पक्ष में भी एक राय नहीं है। तात्कालिक राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयत्न मत कीजिए। हम घाटे में है, राजनीतिक घाटा सहकर भी हम अपने स्टैण्ड पर कायम हैं क्योंकि सामाजिक न्याय में भी हमारी निष्ठा है और समाज को एक रखने के बारे में भी हमारे मन में कभी कोई संदेह पैदा नहीं हुआ और न कभी होगा। समाज में समता भी आना चाहिए और समरसता भी रहनी चाहिए। दोनों कठिन कामों का जो संभव करके दिखा सकता है, वह काल के माथे पर, काल के कपाल पर इस समय सफलता के अक्षर अंकित कर सकता है। सत्ता का खेल तो चलता ही रहेगा, मगर यह हमें कहां ले जाएगा, मैं नहीं जानता। धन्यवाद।

THE DEPUTY CHAIRMAN: We have five minutes for adjournment for lunch. Shrimati Amrita Pritam had asked to say a few words. I will call her to say a few words.

श्रीमती अमृता प्रीतम (नाम-निर्देशित): मेडम, आज देश के तालीम-याफ्ता बच्चे जो सड़कों पर हाय-तौबा कर रहे हैं, वही तो देश की ताकत है, जो जातिवाद से ऊपर उठकर देश में कोई तब्दीली ला सकते हैं। जो श्रेणियां पिछड़ गई हैं, खासकर जाति के नाम पर, अगर उनको मुख्यधारा में, मेन-स्ट्रीम में लाने का मकसद सचमुच सामने है तो सब रास्ते खुले हैं। उन्हें बड़ी से बड़ी तालीम दी जा सकती है, रोजगार के बेइंतहा साधन दिए जा सकते हैं और जातिवाद के नाम पर नहीं, उनकी काबलियत की बुनियाद पर उन्हें आगे लाया जा सकता है। बेइंसाफियों का इतिहास मानवी हुं बहुत लंबा है इतना कि बेइंसाफियां करने और सहने का नजरिया लोगों की साजिश्की में उतर गया। आज भी जबकि हमारे देश की आजादी को चालीस साल से ज्यादा हो चुके हमारे देश में ऐसे इलाके मौजूद हैं जहां मेहनत मजदूरी का पैसा जाति के हिसाब से दिया जाता है। ठीक एक जैसे काम के लिए एक जैसी मेहनत के लिए जितना उजरत बड़ी जाति वाले को दी जाती है उससे आधी छोटी जाति वाले को और उससे भी आधी उससे छोटी जाति वाले को। देश के जिन लोगों के साथ जाति-वाद के नाम पर इतनी बेइंसाफियां हुई अब उन्हीं की भलाई के नाम पर उसी जातिवाद को हमेशा के लिए उनके माथे पर लिख देना इतिहास की दूसरी बड़ी गलती होगी।

मेडम जिन बच्चों को आज गुमराह कहा जा रहा है उन्हीं बच्चों के अलफाज हैं—हम अपने देश को जातिवाद के नाम पर टूटने नहीं देंगे। हम देश की जवानी को उसकी तालीम और काबलियत की बुनियाद पर आगे लाना चाहते हैं और देश की एकता को कायम करना चाहते हैं। तालीम पाने का अधिकार सबको दिया जाना चाहिए। काम करने का अधिकार सबको दिया जाना चाहिए हम अपने देश को जातिवाद में टूटने नहीं देंगे। यह उन बच्चों के अलफाज हैं जो आज सड़कों पर हाय-तौबा कर रहे हैं और जिनको विश्वास में लेकर उनसे बात नहीं की जा रही है। शुक्रिया।

THE DEPUTY CHAIRMAN: The House is adjourned for lunch till 2.30 p.m.

The House then adjourned for lunch at thirty minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirtysix minutes past two of the clock, THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH) in the Chair.

SHORT DURATION DISCUSSION

SITUATION ARISING OUT OF THE GOVERNMENT'S DECISION TO IMPLEMENT THE RECOMMENDATIONS OF THE MANDAL COMMISSION—*Contd.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH): Before we start the debate I want to say

पांच मिनट की देरी हुई इसलिये कि कोई मंत्री महोदय यहां उपस्थित नहीं थे। मैं अनुरोध करना चाहूंगा सरकार से और विशेषकर मंत्री महोदयों से कि सदन की गरिमा को देखते हुये ठीक समय पर वह आकर स्थान लिया करें।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: आप अनुरोध न करें, इनको फटकार लगाइये।

एक सम्मानित सदस्य: इनका अनुरोध ही व्यवस्था हो गयी।

SHRI V. GOPALSAMY: Mr. Vice-Chairman, I am thankful to you for giving me this opportunity to participate to this important discussion. I am proud to participate in this debate as I belong to a State which has been spearheading the cause of Backward Classs for many decades; I am proud as I belong to a movement which has been pioneering the cause of Backward Classes since 1912, a movement which has recently celebrated its Diamond Jubilee. Of course, the greatest champion of social justice, Thanthai Periyar, was a staunch lieutenant of the Congress Party. But when he moved a resolution in the conference at Kancheepuram for communal representation and it was opposed and defeated, he had to leave the Congress Party. Today in the morning I was listening with rapt attention to the speeches made by my esteemed colleague, Mr. Atal Bihari Va payee, and others. The question of economic criteria was put forth and is being echoed today in some quarters. Here it will be pertinent on my part to quote the evidence given by important persons, eminent persons, before the Mandal Commission itself. I am quoting from page 45 of the Mandal Commission Report. Here is an eminent person who gives his opinion as evident before the Mandal Commission. I quote: "The acceptance of economic criteria would give a setback to other backward classes."

"The lists of OBC already drawn up by several State Governments have been, in most cases, already tested. He was also of the view that in addition to reservation at the time of initial recruitment, there should be three to four per cent reservation for promotion posts also."

Who is this eminent person who is saying this?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE (SHRI DINESH GOSWAMI): He is sitting just in front of you.

SHRI V. GOPALSAMY: He is the champion of the backward classes, the then Law Minister of this country and the Leader of the Opposition today, Mr. Shiv Shanker. It is this statement, Sir. It has come from the very core of his heart. I would applaud and appreciate him because what he had stated that day in his evidence before the Mandal Commission has come from the bottom of his heart. With regard to economic criteria, some people who are confused themselves have purposely tried to confuse others also. I would like to